हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 जुलाई 2024

06 जिले को प्रदेश में नंबर वन बनाने वाले राजस्व...



07 मोहनपुरा प्रणाली की प्रतिकृति अपने राज्य में ...





## खबर संक्षेप

### 20 ट्रेनों में जनरल स्लीपर कोच बढ़ाए

**सीहोर।** रतलाम मंडल रेलवे ने क्षेत्र में चलने वाली सवारी गाड़ियों में अब सामान्य यात्रियों की भी सुध ली है। अब तक स्लीपर कोच कम करके जहां एसी कोच बढ़ाए जा रहे थे, वहीं अब रेलवे ने मंडल की 20 से ज्यादा ट्रेनों में जनरल के दो अतिरिक्त कोच लगाए हैं। यहीं नहीं कुछ ट्रेनों में स्लीपर कोच भी बढ़ाए जाएंगे। इंदौर-नागपुर, इंदौर हावड़ा सहित 20 ट्रेनों में 2 जनरल कोच लगाए जाएंगे। वहीं इंदौर-जबलपुर सहित अन्य ट्रेनों में नवंबर महीने से 2 से 3 स्लीपर कोच भी बढ़ाए हैं।

### पानी होने पर पार न करें पुल-पुलिया

**सीहोर।** जिला प्रशासन ने बारिश के दौरान नागरिकों से अपील की है कि नदी, नाले, पुल, पुलिया, रपटा पर जलभराव की स्थिति में वहां से गुजरने वाले रास्तों को बाढ़ एवं पानी होने की स्थिति में पार न करें। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी तालाबों, डेम, नदी, नालों और जल भराव वाले क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखें और स्थानीय लोगों के संपर्क में रहें। कलेक्टर ने वर्षा, जल भराव और अतिवृष्टि की स्थिति में लोगों को ऐसी जगहों से हटाने और वैकल्पिक व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं।

### सीहोर में रोजगार मेला 21 और 23 जुलाई को

**सीहोर।** जिले के सभी जनपदों में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिक्युरिटी एण्ड इन्टेलिजन्स सर्विसेज (एसआईएस) अनूपपुर द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी के 350 पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सीहोर जनपद पंचायत परिसर में 21 एवं 22 जुलाई को, बुधनी जनपद पंचायत परिसर में 23 एवं 24 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में वह आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10 वी पास/फेल से स्नातक तक, आयु 19 वर्ष से 36 वर्ष तक, उचाई 167.5 से.मी. से 170 से.मी. तक, सीना 77 से 82 से.मी. एवं वजन 56 से 90 किलो ग्राम हो वह इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को योग्यता अनुसार रूपये 14000 से 35000 तक वेतनमान दिया जावेगा। नियुक्ति होने पर आवेदक को स्थायी नौकरी, वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्निति, बोनस, पेंशन, ग्रेच्युटी, प्रोविडेंट फंड, ई.एस.आई.सी. दुर्घटना बीमा, सेवा प्रावधान, लोन सुविधा, मैस व आवास सुविधाएं प्रदान की जाएगी। भर्ती के समय आवेदक शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड छाया प्रति एवं दो फोटो के साथ अपना आवेदन जमा कर सकता है।

## जिले भर में आवारा पशुधन वाहन चालकों, राहगीरों और किसानों के लिए बने मुसीबत

# सड़कों पर बेसहारा मवेशियों ने डाला डेरा गौशालाओं में नहीं मिल रहा आसरा

### सीहोर से लेकर बुधनी तक सड़कों पर बैठा हुआ है पशुधन, गौशालाओं में नहीं है सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा

सड़कों पर घूम रही गौ माताओं के लिए भले ही प्रदेश सरकार ने कई नियम बना दिए हैं। गौशालाओं की राशियां बढ़ा दी हैं, लेकिन इसके बाद भी गौवंश सड़कों पर ही है। उन्हें कहीं भी स्थाई बसेरा नहीं मिल पा रहा है। सीहोर जिले में सीहोर से लेकर इछावर, भैरूंदा, रेहटी, बुधनी सहित आष्टा तक सड़कों पर गायों का डेरा है। मुख्य सड़क मार्ग पर इन गायों ने अपना स्थाई निवास बना लिया है। नगरीय क्षेत्र में भी गाय सड़कों पर बैठी रहती हैं। इनको लेकर न तो स्थानीय प्रशासन की जागरूकता देखने को मिल रही है, न ही गौ भक्तों का सहारा है। पशुपालन विभाग द्वारा लगातार इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है, लेकिन संसाधनों एवं स्टॉफ की कमी गौवंशों को बचाने में आड़े आ रही है।

**गौशालाएं बनी, लेकिन सुविधाओं के अभाव में बंद हैं:** गौवंश सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। रेहटी तहसील की ग्राम पंचायत चकल्दी, चंदपुरा सहित कई ग्राम पंचायतों में गौशालाओं का निर्माण कराया जा चुका है, लेकिन यह गौशालाएं भी सिर्फ शोपीस बनकर रह गई हैं। यहां पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। पानी, चारा सहित बिजली की उपलब्धता नहीं होने के कारण यह गौशालाएं भी खंडहर बन रही हैं। सड़कों पर गौ वंश के कारण जहां आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानियां होती हैं वहीं दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इतना ही नहीं ये पशु किसानों के खेतों की फसलों को भी पूरी तरह से चट कर रहे हैं। 80 से 100 गायों का झुंड जिस खेत में घुसता है वहां पूरी फसल को खा जाता है।



### जिलेभर में इतनी है मवेशियों की संख्या

पशुपालन विभाग सीहोर के पास जो आंकड़े हैं उनमें जिलेभर में करीब 5 लाख 72 हजार गाय और भैसों की संख्या है। इसके अलावा जिलेभर में 19 गौशालाएं निजी संस्थाओं की संचालित हो रही है तो वहीं 30 गौशालाएं पंचायत स्तर पर बनकर तैयार हैं। 20 गौशालाएं अधर में लटकी हुईं। अब तो सरकार ने गौवंश के लिए प्रतिदिन की राशि भी बढ़ाकर 20 रूपए से 40 रूपए करने की घोषणा कर दी है, लेकिन इसके बाद भी कहीं न कहीं जागरूकता का अभाव देखने को मिलता है।

### किसानों की गायें उनके लिए बन रही मुसीबत

सड़कों पर रहने वाला ज्यादातर गौवंश स्थानीय किसानों एवं लोगों का है। वे लोग दुधारू पशु को तो अपने घरों में रखते हैं, लेकिन जैसे ही गाय ने दूध देना बंद किया उसको सड़क पर छोड़ देते हैं। इसके कारण सड़कों पर आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब यही पशु किसानों के लिए परेशानी बने हुए हैं। दिनभर तो गायें सड़कों पर बैठी रहती हैं, लेकिन रात में ये गायें किसानों के खेतों में घुसकर उनकी फसलों को पूरी तरह से चट कर रही हैं।

### गौवंश को लेकर शासन स्तर पर तैयारियां है

सड़कों पर रहने वाले गौवंश को लेकर शासन स्तर पर तैयारियां हैं। इसको लेकर एक वर्कशॉप भी की गई थी, जिसमें हाइवे पर रहने वाले पशुओं को लेकर निर्देश दिए गए थे। फिलहाल नेशनल एवं स्टेट हाइवे पर पेट्रोलिंग वाहन एवं मोबाइल क्लीनिक से पशुओं की सुरक्षा एवं उनकी देखभाल की जा रही है। जल्द ही जिलेभर में सड़कों पर रहने वाले पशुओं को लेकर भी प्रयास किए जाएंगे।

**एकेएस भदौरिया,** उप संचालक, पशुपालन विभाग, सीहोर

## डाइट प्राचार्य ने किया शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण




**सीहोर।** डाइट प्राचार्य द्वारा मंगलवार को शासकीय माध्यमिक शाला चंदेरी में सुबह 10:30 बजे पहुंचे जहाँ पर शाला में दर्ज छात्र 45 है, उपस्थित 5 थे । 3 शिक्षक पदस्थ हैं जिसमें से एक शिक्षक मधुबाला वर्मा डाइट में प्रशिक्षण में उपस्थित थीं। 2 शिक्षक अम्बिका मेवाड़ा और आरती राठौड़ बिना कारण बताए अनुपस्थित थीं।

छात्रों से पूछने पर छात्रों ने बताया की शिक्षक 11 बजे तक आते है। शासकीय प्राथमिक शाला टीटोरा में 10:45 तक शिक्षक शाला में नहीं थे। 11 बजे शिक्षक उपस्थित हुए और कारण बताया कि मैं छात्रों को बुलाने घर गया था। जबकि ये काम शाला समय से पूर्व करने का है। शासकीय प्राथमिक शाला बरखेड़ी में पुष्पा राजपूत सहायक शिक्षक उपस्थित थी। बच्चे शाला परिसर में खेल रहे थे दूसरी शिक्षिका मीना जाटव प्राथमिक शिक्षक अनुपस्थित थीं। हीरापुर में कक्षा 1 से 8 तक दर्ज बच्चे 28 हैं। मात्र 10 छात्र उपास्थि थे। 6 शिक्षक पदस्थ हैं, जिसमें से 4 शिक्षक उपस्थित पाए गये और राजीव गुप्ता माध्यमिक शिक्षक शाला में समय से उपस्थित नहीं थे। डाइट प्राचार्य जब निरीक्षण कर रही थी उस समय वह उपस्थित हुए। इन सभी शाला में छात्रों का शैक्षणिक स्तर अच्छा नहीं पाया गया। चंदेरी प्राथमिक शाला में शिक्षिका छात्रों से गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य कर रही थी। प्राथमिक शाला चन्देरी में पालक से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि शाला समय से खुलती है। शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य अच्छे से करवाया जाता है। सभी शिक्षक जो समय से शाला में उपस्थित नहीं थे। बीआरसी को इन शाला की सतत मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया।

## ग्राम झिलेला में युवक ने फांसी लगाई

### मां से खाना खाने का बोलकर गया था इकलौता बेटा, फंदे पर लटका मिला शव



**सीहोर।** आष्टा जनपद पंचायत ग्राम पंचायत झिलेला में 25 वर्षीय युवक ने बुधवार को फांसी लगा ली। गुरुवार को युवक का अंतिम संस्कार किया गया। करीब 11 बजे यात्रा निकाली गई। इसमें गांव और समाज के लोग शामिल हुए। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे मृतक धनसिंह के शव को आष्टा सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लेकर गए थे।

मृतक के मामा और अंकल मान सिंह ठाकुर के साथ गांव के ही 8 से 10 लोग सिविल अस्पताल पहुंचे थे। वहां से शव मिलने के बाद शव करीब 10:30 बजे गांव में लाया गया। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। बुधवार को धनसिंह मवेशी चराने के लिए खेत पर गया था। वहां से घर आकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक की मां लालता बाई ने बताया कि उसका बेटा धनसिंह बुधवार को मवेशी चराने के लिए गया था। वह जब उसके पास गई तो शाम के करीब 5 बजे बेटे ने उससे कहा, मैं घर पर खाना खाने के जा रहा हूं। काफी देर तक बेटा लौटकर नहीं आया। इसके बाद 6 बजे महिला अपने घर पहुंची। मौके पर पहुंचकर देखा तो हैरान रह गई। उसका बेटा फांसी के फंदे पर लटका मिला। वह खटिया पर खड़े होकर फांसी के फंदे पर झूल रहा था। उसे देखकर मां ने जोर से चिल्लाया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवक को नीचे उतारा और सूचना सरपंच कृपाल सिंह ठाकुर को दी। सरपंच डोडी पुलिस को बताया था।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनबाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से धान की रोपाई कर रहे 7 मजदूर घायल दो की हालत गंभीर, सभी नर्मदापुरम के अस्पताल में भर्ती

**सीहोर।** जिले के बुधनी क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिर गई। सात लोग इसकी चपेट में आ गए। वह खेत में धान रोपाई का काम कर रहे थे। सभी को अस्पताल में भर्ती कर दिया है, उनका उपचार जारी है। 5 को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। वहीं दो लोगों को इलाज जारी है। मामला शाहगंज क्षेत्र में आने वाले खाबदा गांव का है। बुधवार को मजदूर खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। शाम करीब 5 बजे वहां पर आकाशीय बिजली गिरी। इसमें 7 मजदूर झुलस गए। लोगों को जानकारी लगे तो वह खेत पर पहुंचे और सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें 5 लोगों का प्राथमिक उपचार कर देने के बाद उन्हें घर वापिस भेज दिया। वहीं दो लोग, युवक और युवती गंभीर घायल हैं। परिजन उनको नर्मदापुरम के निजी अस्पताल में लेकर गए, यहां पर उनका इलाज जारी है। लोगों ने दोनों की हालत नाजुक बताई है।

### सावन मेला का आयोजन 28 जुलाई को

**सीहोर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य सावन मेला का आयोजन कर रहा है। शहर के अग्रवाल पंचायती बड़ा बाजार सुबह दस बजे से रात्रि आठ बजे तक रविवार को 28 जुलाई को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती रजनी बाहेती और सचिव मंजू भरतिया ने बताया कि इस मेले में प्रतियोगिता, अपने हाथ पर मेहंदी लगाओ, इसके अलावा ड्राइंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्राइंग शीट प्रतियोगिता स्थल पर ही उपलब्ध रहेगी। प्रतियोगिता में हर उम्र के लिए रखी गई है, अधिक जानकारी के लिए मारवाड़ी मंडल के किसी भी सदस्य से संपर्क करें। मेले में गिफ्ट आइटम्स राखियां, टाफी, हैंडमेड आइटम, साड़ियां, सूट, ज्वेलरी और भी बहुत कुछ, चटपटे व्यंजनों के साथ आनंद लीजिए।

## भक्ति प्राप्त करने का सबसे सरल साधन कथा श्रवण है: पं. मिश्रा





**सीहोर।** थोड़ी मेहनत हाथ की, बाकी कृपा भोलेनाथ की, आपको मेहनत करना पड़ेगी, भगवान शिव आपको सफलता जरूर देगा। जब बच्चा आंगन में खेलता है तो मां की सारी निगाह बच्चे पर रहती है, हमें इस संसार में भगवान शिव के भरोसे रहना चाहिए, ईश्वर आपके कार्य पूर्ण करेगा। मां शबरी की कुटिया में पहुंचे भगवान श्रीराम ने भी उनसे कहा कि सबसे श्रेष्ठ भक्ति है श्रवण करने की, भक्ति प्राप्त करने का सबसे उत्तम व सरल साधन कथा श्रवण है। कथा जीवन को पवित्र करने वाली है। हमें कथा का श्रवण कर उसका अनुसरण करना चाहिए। सुविधा हर समय दुविधा देती है, हम जितने वीआईपी बनते है, उतने ही भगवान से दूर होते जाते है। इस संसार में तो भगवान को प्राप्त करने के लिए भक्ति रूपी भाव की आवश्यकता है। यहां पर धाम पर आने वाले श्रद्धालु स्वयं सेवा कार्य में जुट जाते है। हर रोज हजारों श्रद्धालुओं के भोजन प्रसादी के कार्य में सहयोग करते है।

उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में जारी सात दिवसीय शिव महापुराण के पांचवे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति कर हम मोक्ष रूपी अमृत प्राप्त कर सकते हैं। संसार सागर में जन्म लेना आसान है, लेकिन यहां से बिना कोई दाग लगाए वापस जाना कठिन है। कलियुग केवल नाम अधारा। हम सिर्फ प्रभु का नाम जप करें। चलते फिरते, उठते बैठते अपने इष्ट का नाम जपें। सत्संग जरूर करें। संकीर्तन भक्ति को बढ़ाता है। इसके साथ ही प्रभु कृपा साध्य है, लेकिन फिर भी हमें साधन तो करना ही है। समर्पण से रीझकर प्रभु भक्त पर अपनी कृपा बरसा देते हैं। हम इंद्रियों को वश में कर परमात्मा तक जा सकें। भक्ति कर सकें तो महादेव की कृपा जरुर प्राप्त होगी। मन बड़ा चंचल होता है। यह मंदिर तक तो चला जाता है पर भक्ति में भी लगा रहे तो भगवान जरुर कुछ देगा। मंदिर में जाओ तो नैनों को टकटकी लगाकर भगवान को देखने में डूब जाओ, भगवान की भक्ति में डूब जाओ तो जरुर वो फल देगा। भक्ति दिखावा के लिए न करें। मंदिर जाते हो तो जाओ। कोई देखे न देखे। आपको ध्यान देने की जरूरत नहीं है। मंदिर में झाड़ू लगाते हो तो ये मत चिंता करो कि कोई देख रहा है या नहीं। किसी के देखने पर कोई काम मत करो। हमारे पुण्य और पाप हमें अलग-अलग मार्ग पर ले जाते हैं। हम जैसा कर्म करेंगे, हमें वैसे फल की प्राप्ति होती है। मनुष्य को अपना कर्म करते हुए सावधान रहना चाहिए। शुभ कर्म मनुष्य को सुख-समृद्धि और शांति देते हैं। पाप कर्म का मार्ग बहुत ही कांटों भरा होता है।

### महिला ने पत्र लिखकर बताई कथा श्रवण की महिमा

गुरुवार को कथा के पांचवे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक गुरुदेव पंडित श्री मिश्रा ने अनेक पत्रों को यहां पर श्रद्धालुओं को सुनाए, एक महिला ने पत्र लिखकर कथा श्रवण की महिमा का उल्लेख किया। पंडित श्री मिश्रा ने महिला के पत्र पढ़कर बताया कि श्रीमती विमलेश पंडा उत्तरप्रदेश के मैनपुरी से आई है, उन्होंने पत्र में बताया कि मेरे पति की आंखों की रोशनी चली गई थी, अनेक डॉक्टरों और अस्पताल में जांच और इलाज कराया, पहली बार कथा का श्रवण उन्होंने किया था, इसके बाद बताए उपाय पर अमल किए तो आंखों की रोशनी आ गई। बस आपको ईश्वर पर भरोसा करने के साथ इलाज भी जारी रखना चाहिए।

## एक वर्ष पूर्ण होने के उपरांत भी नहीं जारी की मानव संसाधन नीति

# 22 को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे प्रदेश के 32 हजार व जिले के 1000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राज्य सरकार द्वारा संविदा नीति 2023 मध्यप्रदेश कैबीनेट से स्वीकृत कर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 22 जुलाई को संविदा नीति जारी कर समस्त विभागों को तत्कॉल लागू करने के दिशा निर्देश दिए थे, परंतु एक वर्ष पूरा होने के उपरांत भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा अब तक मानव संसाधन नीति जारी कर संविदा नीति के प्रावधान लागू नहीं किए गए है।

एन.एच.एम.संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सीहोर जिला अध्यक्ष अंबर मालवीय ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण प्रदेशभर के 32 हजार तथा जिले के 1000 एन.एच.एम.संविदा स्वास्थ्य कर्मी सामूहिक अवकाश लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। मालवीय ने आगे बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संविदा नीति जारी कर एन.पी.एस., 5 लाख रूपए का आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा, ग्रेज्यूटी, अनुकम्पा नियुक्ति, प्रतिवर्ष सीपीआर दर के अनुरूप इंक्रीमेंट, शासकीय कर्मचारियों के समान समस्त अवकाश, शासकीय भर्तियों में संविदा कर्मियों को 50 प्रतिशत का आरक्षण सहित कई ऐसी सुविधाएं है जो मानव संसाधन नीति के द्वारा स्पष्ट तौर पर लागू होगी जिसे जारी करने में एनएचएम ने कोई संज्ञान अब तक नहीं लिया है। अंबर मालवीय ने बताया कि एक ओर एन.एच.एम.संविदा कर्मियों के लिए नीति लागू करने के आदेश जारी नहीं हो रहे है लेकिन स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा विभाग के नियमित पदों के विरूद्ध सेवाएं दे रहे संविदा कर्मियों के आदेश पिछले वर्ष ही जारी कर दिए गए है। ग्रेड पे सुधार को लेकर 36 से अधिक केडर अपनी अपील प्रस्तुत कर चुके है लेकिन एक साल हो गया अपील का निराकरण नहीं किया गया है। प्रदेश के 32 हजार एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

## मौसमः दोपहर बाद हुई रिमझिम बारिश, उमस से नहीं मिली राहत




**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 23.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 31, मिलीमीटर, श्यामपुर में 35, आष्टा में 68, जावर में 18, इछावर में 4, भैरूंदा में 3, बुधनी में 15, रेहटी में 11 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से 18 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 313 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 442.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से 18 जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 399.5, मिलीमीटर, श्यामपुर में 370.5, आष्टा में 314, जावर में 225, इछावर में 520.5, भैरूंदा में 203.2, बुधनी में 194 तथा रेहटी में 277.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### योजना : 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी।

## खबर संक्षेप

### जन्म प्रमाण पत्र बनवाना अब अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 द्वारा 11 अगस्त 2023 से प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य होगा जो कि बच्चे के स्कूल में प्रवेश, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाईसेंस इत्यादि के लिये आवश्यक होगा। जन्म प्रमाण-पत्र जन्म स्थान एवं जन्म तारीख का वैधानिक दस्तावेज होगा। संशोधित अधिनियम-2023 के आधार पर भारत के महारजिस्ट्रार तथा म.प्र. के मुख्य रजिस्ट्रार के निर्देशन मे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिये नवीन पोर्टल विकसित किया गया है।

### अंतरविभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन

**सीहोर।** राज्य शासन द्वारा, मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्यजीव अभ्यारण्यों के अधिसूचित इको सेंसेटिव जोन्स का जोनल मास्टर प्लान मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा बनाया जा रहा है। जोन मास्टर प्लान के गजट नोटिफिकेशन से पूर्व परीक्षण एवं स्पष्ट अनुशंसा के लिये अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव, वन विभाग होंगे। समिति में सदस्य के रूप में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग और समिति के सदस्य सचिव के रूप में प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग होंगे। समिति के सदस्य सचिव अन्य सभी संबंधित विभागों से समान्वय स्थापित कर प्रति सप्ताह कार्य में हो रही प्रगति की स्थिति से अवगत करायेंगे।

### छात्रों को भेंट की 20 हजार की खेल सामग्री

**भैरूंदा।** ग्रामीण खेल प्रतिभा खेलों के माध्यम से अपना हुनर का प्रदर्शन कर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन कर सके इसके लिए पॉवर मैक कंपनी द्वारा क्षेत्र की शासकीय माध्यमिक शाला बोरखेड़ाकलां में पहुंचकर विद्यार्थियों को 20 हजार रुपए की खेल सामग्री का किट प्रदान किया। इस दौरान कंपनी के राहुल रघुवंशी, दिनेश कुशवाह, जिम के संचालक योगेश पंवार, संस्था प्राचार्य हरिओम मीणा सहित संस्था स्टाफ, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि व बैंक ऑफ इंडिया बोरखेड़ा कला के अधिकारीगण मौजूद थे।

### कलेक्टर ने अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने वाले पटवारियों और राजस्व अधिकारियों को किया प्रेरित

# जिले को प्रदेश में नंबर वन बनाने वाले राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों का किया गया सम्मान

### महा अभियान में निःशुल्क समग्र ई-केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के साथ ही जिले में 18 जुलाई से प्रारंभ होने वाले राजस्व महा अभियान 2.0 के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में सीहोर, आष्टा और इछावर अनुभाग के 280 से अधिक पटवारी और राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। राजस्व महा अभियान 2.0 का संचालन 31 अगस्त किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि राजस्व महा अभियान 2.0 में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरूस्ती और सीमांकन के प्रकरणों में निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि गत राजस्व अभियान के अन्तर्गत सीहोर के कार्य की राज्य स्तर पर सराहना हुई है। उन्होंने कहा कि इस राजस्व महा अभियान 2.0 में सीहोर जिले को नम्बर वन बनाना है। उन्होंने कहा कि कई अवसरों पर सीहोर जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने लगन और कार्यक्षमता से अनेक अभियानों में उल्लेखनीय कार्य करके प्रदेश में खुद को उत्कृष्ट साबित किया है। उन्होंने कहा कि इस राजस्व महा अभियान में एक टीम के रूप में पूरी गंभीरता और क्षमता से आमजन के राजस्व प्रकरणों का सर्वाधिक निराकरण कर सीहोर जिले को नम्बर वन बनाएंगे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि किसानों और आमजन की सुविधा के लिये मैदानी अमला मुख्यालय पर रह कर दायित्वों का निर्वहन करें। अभियान्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जायेगा। उन्होंने राजस्व प्रकरणों का गंभीरता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में गत राजस्व महा अभियान में सहोर, आष्टा और इछावर अनुभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 पटवारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यशाला में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह तथा डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह ने अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारियों एवं राजस्व अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर इछावर एसडीएम जमील खान, सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा तथा आष्टा एसडीएम स्वाती मिश्रा, एसएलआर स्मिता भूषण सहित तीनों अनुभागों के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं पटवारी उपस्थित रहे।



**राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा** :कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि राजस्व महा अभियान 2.0 के तहत अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिन में किया जायेगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में निराकृत करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत जारी रहेगा। राजस्व महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

**महा अभियान में निःशुल्क समग्र ई-केवायसी की सुविधा** :कलेक्टर सिंह ने बताया कि राजस्व महा अभियान में आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज करने और पूर्व आदेशों के अनुसार खसरों और नक्शे में अमल सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान में निःशुल्क समग्र ई-केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही स्वामित्व योजना में आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्रवाई पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

**अभियान में होगा डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण** : कलेक्टर सिंह ने बताया कि राजस्व महा अभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक फसलों का डिजिटल (क्रॉप) सर्वेक्षण किया जायेगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खींचकर जानकारी अद्यतन करने के लिये युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 25 जुलाई तक प्रशिक्षित किया जायेगा।

**राजस्व अधिकारी करेंगे मैदानी क्षेत्र का दौरा** :राजस्व महा अभियान में संभागायुक्त, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और राजस्व महा अभियान में की जा रही कार्रवाई की मॉनीटरिंग तथा नियमित समीक्षा करेंगे।

#### इन पटवारियों को किया सम्मानित

कलेक्टर सिंह द्वारा गत राजस्व अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीनों अनुभागों के 30 पटवारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सीहोर तहसील ग्रामीण के दिव्यांग पटवारी अर्जुन सिंह कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र लेने मंच की ओर आ रहे थे तभी कलेक्टर प्रवीण सिंह ने खुद मंच से नीचे पहुंचकर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिन पटवारियों को सम्मानित किया गया उनमें तहसील सीहोर ग्रामीण के पटवारी संतोष दरबार, बृजमोहन मंडलोई, सुरेंद्र जामलिया, भरत सिंह, अर्जुन सिंह, तहसील सीहोर नगर के पटवारी नवनीत चौरसिया, संजय राठौर, श्यामपुर तहसील के पटवारी अनिल धरड़े, जीवन पंसोरिया, राजकिशोर शर्मा, दुर्गेश रजक, शिवा खुराना, दोराहा तहसील के पटवारी इंद्रेश अग्रवाल, पूजा पटेल, राजेंद्र सोलंकी, इछावर तहसील के श्याम बाबू मेवाड़ा, वसुंधरा वर्मा, भारत भूषण भारद्वाज, योगेंद्र मेवाड़ा, अंकुश राठौर, आष्टा तहसील के पटवारी जयप्रकाश मेवाड़ा, राघवेंद्र महेश्वारी, किरण मालवीय, मनोज बाथम, कमल कीर, जावर तहसील के पटवारी राजेंद्र मालवीय, ओमप्रकाश सोलंकी, शुभम वर्मा, अमित श्रीवास्तव, रवि सूर्यवंशी को सम्मनित किया।

## माहेश्वरी महिला जिला संगठन के तत्वावधान में पौधरोपण



**सीहोर।** माहेश्वरी महिला जिला संगठन द्वारा शहर के पंचमुखी हनुमान परिसर में पौधरोपण किया गया।

इस मौके पर यहां पर मौजूद महिलाओं ने पौधरोपण के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया। पौधा रोपण के दौरान माहेश्वरी महिला जिला संगठन के द्वारा नीम, बेल पत्री, नींबू, पीपल, आंवला के पौधे लगाए गए जिनकी देखरेख स्वयं जिला सचिव ज्योति झवर करेंगी इस कार्य में संयुक्त मंत्री सत्यभामा मंत्री संगीता राठी, जिला अध्यक्ष रजनी बाहेती सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## रुपाली सोनी को मिला सीहोर गौरव सम्मान-2024

**सीहोर।** नगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की ध्वजा को सदा ऊपर ले जाने वाले आशीष गुप्ता एंव सीहोर के समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले प्रदीप नागीया द्वारा आयोजित सीहोर सुपर स्टार डांसर एवं सीहोर गौरव सम्मान कार्यक्रम में शहर की प्रसिद्ध नृत्य शाला सरस्वती कथक (डांस) कला केंद्र की डायरेक्टर रुपाली सोनी को सीहोर मे संस्कृति एवं कला के क्षेत्र मे योगदान देने हेतु सीहोर गौरव सम्मान-2024 से नवाजा गया। यह सम्मान नगर के प्रथम नागरिक प्रिंस विकास राठौर एवं परम श्रद्धेय शैलेश तिवारी गुरुदेव के शुभ हस्ते प्राप्त हुआ। इसी कार्यक्रम मे शास्त्रीय नृत्य जूनियर डांस वर्ग ग्रुप मे संस्था की बच्ची काशवीं व्यास क़ो प्रथम पुरस्कार सीहोर सुपर स्टार डांसर जूनियर वर्ग एवं सीहोर सुपर स्टार डांसर सीनियर वर्ग में संस्था की विद्यार्थी नित्या नामदेव क़ो प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया दोनों पुरस्कार सरस्वती कथक (डांस) कला केंद्र के नाम रहे एवं अन्य सभी प्रतिभागियों क़ो सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## रक्तदान करने से बीपी, हृदय, मोटापा व अन्य रोगों से होती है रक्षाः एसडीओपी

**भैरुंदा।** गुरुवार सुबह 10बजे से रक्तदान शिविर सिविल अस्पताल भैरूंदा में ब्लड डोनेशन कैंप (रक्तदान शिविर) का आयोजन किया गया।

विशाल रक्तदान शिविर में अधिकारियों सहित समाजिक कार्यकर्ताओं,युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अधिकारियों ,समाजिक कार्यकर्ताओं युवाओं को इस अवसर सीबीएमओ मनीष सारस्वत ने पर प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर एसडीओपी दीपक कपूर ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि युवाओं व आम लोगों को रक्तदान हेतु आगे आने की जरूरत है। तहसीलदार सौरभ शर्मा ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में एक बार जरूर रक्तदान करना चाहिए। एक यूनिट रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई तकलीफ या कमजोरी नहीं होती है। रक्तदान शिविर में इन अधिकारियों सहित समाजिक लोगों ने किया अपना रक्तदान एसडीओपी दीपक कपूर, तहसीलदार सौरभ शर्मा, नायब तहसीलदार संदीप गौर,थाना प्रभारी घनस्याम दांगी सहित पुलिस प्रशासन एवं पटवारी सहित कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया।




### पाड़लिया में हैंडपंप खराबः पानी भरने के लिए होना पड़ रहा है परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले की सुआखेड़ी में आने वाले पाड़ल्या गांव में हैंडपंप खराब है। लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीण दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। गांव में हैंडपंप नीम के पेड़ के पास चौक में लगा हुआ है।यहीं पास में बने मंदिर के पुजारी पवन शर्मा ने बताया कि मैं रोज गांव के मंदिर पर पूजन करता हूं। इसके लिए मुझे दोनों टाइम नहाना पड़ता है। भगवान को जल चढ़ाने के लिए पानी भी लाना होता है लेकिन हैंडपंप के बिगड़ जाने से मुझे बहुत दिक्कत हो रही है। मैं कई दिनों से सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत कर रहा हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक में कार्यकर्ता किए घोषित

**सीहोर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिद्धपुर की जिला बैठक आगामी कार्यक्रम को लेकर सुंदर गार्डन में रखी गई। बैठक के दौरान दायित्ववान नए कार्यकर्ताओं के नाम की घोषणा की गई। प्रांत पदाधिकारी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिला स्तरीय बैठक का शुभारंभ श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रांत उपाध्यक्ष नवल भदोरिया प्रान्त संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान प्रान्त सहमंत्री सुनील कुमार शर्मा प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी प्रांत सह सयोजक अवधेश तिवारी गोरक्षा आयाम के उपाध्यक्ष अजीत शुक्ला विभाग मंत्री कपिल शर्मा विभाग समरसता प्रमुख मोहन भाटी राजगढ़ विभाग साप्ताहिक मिलन प्रमुख अलका कुशवाहा जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह के द्वारा किया गया। जिला बैठक में जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा के द्वारा प्रखंड श्यामपुर में बजरंग दल प्रखंड संयोजक सुनील यादव एवं सीहोर नगर में रोहन यादव को नगर गोरक्षा प्रमुख एवं दीपक प्रजापति को नगर सह सत्संग प्रमुख एवं दीपक कौशल को नगर सह साप्ताहिक मिलन प्रमुख के दायित्वों की घोषणा की गई। बैठक में प्रमुख रुप से प्रांत उपाध्यक्ष मोहित राम पाठक, जिला सह मंत्री कमलेश कुंकादा जिला संयोजक विवेक राठौर जिला जिला सह मंत्री मंगलेश वर्मा जिला कोषाध्यक्ष महेश मेवाड़ा सह सह सायोजक आशीष सिसोदिया जिला प्रचार प्रसार प्रमुख आलेख राठौर जिला गोरखा गोरक्षा प्रमुख जितेंद्र नारोलिया जिला बालो उपासना प्रमुख अनिरुद्ध प्रताप सिंह चौहान बजरंग दल गोरक्षा प्रमुख राजू मीणा जिला धर्म प्रसार प्रमुख रामसिंह धनगर नगर अध्यक्ष परमवीर जाट प्रखंड उपाध्यक्ष आशीष कुशवाह नगर सह संयोजक श्समीर राय शुभम मुकुल क्षितिज श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।




## देवशयनी ग्यारस पर वृद्धाश्रम में किया गया खिचड़ी का वितरण

**सीहोर।** इस साल भी शहर के सैकड़ा खेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में देवशयनी ग्यारस के मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ के अलावा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धा सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती निशा सिंह ने यहां पर मौजूद वृद्धजनों और श्रद्धालुओं को फलहारी खिचड़ी का वितरण किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आश्रम के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि आश्रम एवं संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में नियमित रूप से धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बुधवार को भी ग्यारस के मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। इस मौके पर पंडित सुनील शर्मा, उज्जैन प्राचीन शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी आदि के सानिध्य में प्रवचन का आयोजन भी किया गया।



पंडित श्री पाराशर ने बताया कि धार्मिक मत है कि देवशयनी एकादशी के दिन सच्चे मन से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से साधक को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। शास्त्रों के अनुसार, इस एकादशी से श्री हरि क्षीर सागर में विश्राम करने चले जाते हैं और कार्तिक माह में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी पर जागृत होते हैं।

चातुर्मास में सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। चातुर्मास के दौरान मुंडन, विवाह, गृह-प्रवेश, भूमि पूजन समेत आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं।

### दोनों तरफ वाहन खड़े होने से 20 फीट चौड़ी सड़क रह जाती है 12 फीट की

# लोग सिर्फ 10 रु. पार्किंग शुल्क बचाने के लिए अस्पताल के गेट पर खड़े कर रहे वाहन, यातायात हो रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अस्पताल परिसर में व्यवस्थित पार्किंग होने के बाद भी कई लोग मेन गेट के बाहर बाइक खड़ी कर रहे हैं। ऐसा पार्किंग का निर्धारित शुल्क (10 रुपए) बचाने के फेर को लेकर किया जा रहा है। लेकिन इससे अस्पताल के सामने रोड पर जाम के हालात बन रहे हैं। जिससे इमरजेंसी में वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है।

अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों से मिलने और ओपीडी में इलाज कराने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचते हैं। पार्किंग में वाहन न लगाने वालों में ओपीडी में पहुंचने वाले अधिक होते हैं। इनका तर्क होता है कि अभी वापस लौटकर जाना ही है, तो पार्किंग में वाहन लगाकर खर्च क्यों किया जाए। इसी तरह मातृ एवं शिशु वार्ड के गेट पर दो पहिया वाहन और ऑटो खड़ा करने के कारण एंबुलेंस को परेशानी होती है। रोड के दोनों तरफ बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन और ऑटो दिनभर खड़े रहते है। जिससे 20 फीट चौड़ी सड़क 12 फीट की रह जाती है। जिससे यातायात प्रभावित होता है और बार-बार जाम की स्थिति बनती है। लोगों को समझना चाहिए कि पार्किंग में बाइक सुरक्षित स्थान पर खड़ी की जा सकती है, जिससे इसके चोरी होने का खतरा भी नहीं रहता।



#### पहले कम वाहन खड़े हो रहे थे अब बढ़ी संख्या

अस्पताल के बाहर वाहन खड़े होने से परिसर में बड़े वाहनों से प्रवेश करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पहले अस्पताल गेट पर एक-दो वाहन खड़े दिखाई देते थे अब तो दिनोंदिन इनकी संख्या बढ़ती जा रही है।

### परिवार के सदस्यों की तरह हमारे जीवन में पेड़ भी है जरूरीः सकलेजा



**सीहोर।** पर्यावरण को सुंदर और हरा भरा बनाने के उद्देश्य से पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जगह-जगह पौधरोपण का अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार को मध्य प्रदेश के सोसाइटी समूह की महिलाओं ने ग्राम पंचायत सोठी के स्कूल परिसर में मध्यान्ह भोजन और स्कूल परिसर में फलदार और छायादार पौधे एक पेड मां के नाम अभियान के तहत लगाए इस दौरान समूह की महिलाओं के साथ पूर्व मंत्री सकलेजा भी पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। सकलेजा ने इस अवसर पर कहा की जिस तरह हमारे परिवार का सदस्य हमारे लिए महत्वपूर्ण है उसी तरह हमारे जीवन में भी पेड़ का बहुत महत्व है। पेड़ पौधे हमारे पर्यावरण को सुंदर तो बनाते ही है, इसी के साथ ही हमें छाव, फल और ऑक्सीजन भी देते है। इसलिए हम सभी को पेड़ लगाना चाहिए। भोजन बनाने वाले समूह की महिलाओं ने पूर्व मंत्री के साथ जिला अध्यक्ष रानी गोस्वामी के नेतृत्व में पौधरोपण कर संकल्प लिया कि इन पौधों की देखभाल भी हम हमारे परिवार के सदस्यों की तरह ही करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रानी गोस्वामी, स्कूल प्रभारी मनोज श्रीवास्तव, बाबूलाल जरिया, विष्णु सर, रसोईया गायत्री, सुनीता और मथुरा गिरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

गुजरात के जलसंसाधन मंत्री और तकनीकी अमले ने किया परियोजना का भौतिक निरीक्षण

# मोहनपुरा प्रणाली की प्रतिकृति अपने राज्य में विकसित करेगा गुजरात

## नर्मदा का पानी गुजरात के कच्छ तक ले जाने बनेगी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ जिले की दिशा और दशा को बदलने वाली मोहनपुरा सिंचाई परियोजना का मॉडल अब गुजरात सरकार भी अपने यहां विकसित करेगी। मप्र से गुजरात में जाने वाली नर्मदा के जल का उपयोग कर कच्छ के क्षेत्र के हरा-भरा किया जाएगा। इसीके लिए से गुजरात सरकार के जल संसाधन मंत्री कुंवरजी भाई ने बुधवार को मोहनपुरा बांध क्षेत्र का एक दिवसीय दौरा किया।

जल संसाधन मंत्री के साथ उनके प्रमुख सचिव पी.एस. चेतन गड़तरा, चीफ इंजीनियर पी.एम. पटेल, जे.के. त्रिवेदी, एपी.एस. षिवराज गिलवाल, एसई पी.सी. व्यास सहित तकनीकी टीम भी शामिल थी। टीम ने मोहनपुरा के आरबीसी पंप हाउस को देख यहां के तकनीकि पहलुओं को जाना। इसके उपरान्त झंझाड़पुर गांव तक पानी पहुंचाने के तरीके को देखा। वहीं, डेम और डेम के पीछे बने कृषि धाम को देखने के बाद गुजरात की टीम कुंडालिया डेम के मुंडी पंप हाउस पहुंची, जहां के पंप हाउस को देखकर किसानों से चर्चा की।

टीम ने डेम से सीधे किसानों के खेत तक प्रेशराइज्ड पानी पहुंचाने के तरीके को जाना। इस दौरान मोटर पंप के ऑटोमेटिक काम करने, सेंसर, ओएमएस और आएमएस के साथ ही पंप के शटडाउन होने के साथ ही किसान की डिमांड पूरी होने पर जल नियंत्रण के तरीके को जाना। इस दौरान कई सवाल भी किए, जिनके जवाब एसई व परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया, शुभांकर विश्वास, प्रबंधक संदीप दुबे, सहायक प्रबंधक विपिन तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने दिए। इस मौके पर राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोड़मल नागर, कलेक्टर हर्ष दीक्षित, मुख्य अभियंता जीपी सिलावट, परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



हमारे गुजरात में मोहनपुरा-कुंडालिया की भांति प्रेशराइज्ड सिंचाई सिस्टम तैयार किया जाना है, ताकि कम पानी से ज्यादा क्षेत्र में सिंचाई हो सके, इसलिए हम तकनीकि अमले के साथ दौरा करने आए थे।
- **कुंवरजी भाई बावलिया**, मंत्री, जल संसाधन विभाग गुजरात

गुजरात से विभाग के मंत्री व अधिकारी के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी आए थे, जिन्हे परियोजना को लेकर बारीकि से जानकारी दी, ताकि उनकी इच्छानुसार गुजरात में भी इस तरह के सिंचाई के साधन उपलब्ध कराए जा सके।
**विकास राजोरिया**, एसई व परियोजना प्रशासक, मोहनपुरा-कुंडालिया राजगढ़

### मोहनपुरा कुंडलिया योजना देशभर में चर्चित

मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना देश की सबसे पहली और विश्व की सबसे बड़ी प्रेशराइज्ड सिंचाई परियोजना है, जहां यांत्रिकी उर्जा का उपयोग कर किसानों के खेत तक ग्रेविटी से दाबयुक्त पानी पहुंचाया जाता है। इससे उर्जा की खपत कम होती है, वहीं उपलब्ध जल से ढाई गुना ज्यादा क्षेत्र में सिंचाई होती है। इससे आर्थिक खर्च कम होने के साथ ही किसानों को अतिरिक्त लाभ भी मिलता है।

### देशभर में उत्कृष्ट मॉडल बनी योजना

ओपन नहर की बजाय डेम से सीधे किसान के खेत तक प्रेशराइज्ड सिस्टम से पानी पहुंचाने की मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना देशभर में उत्कृष्ट मॉडल के रूप में पहचान बना चुकी है, यहां दो से पांच मेगावॉट के पांच से 25 तक मोटर पंप लगाए है। इन मोटर पंप के नियंत्रण से लेकर आउटलेट के बीच ओएमएस, आरएमएस और टंकी तक ऑटोमेटिक नियंत्रण होता है। इससे मानव संसाधन तो कम लगता ही है, वहीं पानी की बचत के साथ उपलब्ध पानी से अधिक क्षेत्र में सिंचाई होती है। इसके चलते अब आगामी समय में इसी तरह के प्रोजेक्ट तैयार करने राज्य व केंद्र सरकार की योजना है।

भोजपुर के पास हादसा : कंटेनर से मोटरसाइकिल की हुई भिड़ंत

## पत्नी की मौके पर मौत, पिता-पुत्री की हालत गंभीर, रेफर


**खिलचीपुर।** खिलचीपुर के भोजपुर के पास दोपहर के लगभग एक बाइक सवार युवक कैलाश प्रजापति पत्नी और पुत्री के साथ सेमली जोड़ राजस्थान से खिलचीपुर की ओर आ रहा था, तभी एक कंटेनर से मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल चालक कैलाश प्रजापति उम्र 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उनकी पत्नी गीताबाई उम्र 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल चालक कैलाश प्रजापति एवं उनकी पुत्री की हालत सीरियस है, जिन्हें भोपाल रेफर किया गया। पुलिस ने पीएम कराकर गीताबाई का शव परिजनों को सौंपा है।



ड्यूटी के दौरान एसआई को मारी टक्कर

## कानड़ थाने में थे पदस्थ, इंदौर में इलाज के दौरान हुई मौत

**जीरापुर।** नगर के बिट्लेश कॉलोनी निवासी एसआई रामलाल आजाद का निधन हो गया। मूलतः पिपलिया कुलमी के रहने वाले एसआई रामलाल आजाद लंबे समय से नगर के बिट्लेश कॉलोनी में अपने गृह निवास में रहते थे। जोकि आगर जिले के कानड़ थाने में पदस्थ थे ड्यूटी के दौरान एक बाइक सवार ने रामलाल आजाद को टक्कर मारी थी, जिससे वह गम्भीर घायल हो गए थे। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बाम्बे हॉस्पिटल इंदौर ले जाया गया था, वहां पर इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उन्हें उनके विटलेश कॉलोनी स्थित गृह निवास लाया गया जहां से अंतिम संस्कार हेतु स्थानीय मुक्तिधाम ले जाया गया। उनकी शव यात्रा में बड़ी संख्या में समाज बंधुओ सहित अधिकारी कर्मचारी अन्य वर्ग शामिल हुआ। दिवंगत आत्मा के प्रति शोक संवेदना प्रकट की गई। रामलाल आजाद ने स्थानीय पुलिस थाने में लंबे समय तक आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक के पद पर सेवाएं दी।



## 24 जुलाई गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा


**नरसिंहगढ़।** 24 जुलाई 1824 का वो दिन जो नरसिंहगढ़ वासियों के लिए गौरव दिवस बन गया। स्मरण रहे कि 1857 (झांसी की रानी) के 33 वर्ष पूर्व भारत से अंग्रेजों को खदेड़ने वाले नरसिंहगढ़ के युवराज कुंवर चेन सिंह, हिम्मत खा, बहादुर खा ने सीहोर दशहरा मैदान पर 24 जुलाई 1824 को अंग्रेज गर्वनर मेडाक की शर्तो को न मान कर युद्ध के लिए ललकार युद्ध कर अंग्रेजो को उलटे पैर भगाया। वहीं युद्ध के दौरान अमर शहीद हुए इन अमर शहीदों को इतिहास के पन्नो से अछूते रहे काम को उन्ही के वंशज जितेंद्र सिंह पंवार ने 47 साल तक कुंवर चेन सिंह स्मृति समाहारो बनाकर सभी जाती समुदाय के लोगों को साथ लेकर कार्य प्रारम्भ किया। फ्लस्वरूप 8 अगस्त 1987 को शहीदो की माटी संग्रह कार्यक्रम मे भारत शासन ने इन तीनो अमर शहीदों की माटी संग्रह कर दिल्ली शहीद स्मारक ले जाकर इनको स्वाधीनता संग्राम का दर्जा प्रदान कर अछूते इतिहास को पूर्ण विराम दिया। ततपश्चायत 24 जुलाई कौमी एकता दिवस को नरसिंहगढ़ का गौरव दिवस के रूप मे मनाया जाता है। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पंवार ने 24 जुलाई को सभी समुदाय के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शहीद स्थल छारबाग जहाँ दोपहर 2 बजे इन अमर शहीदों को गॉड ऑफ ऑनर दिया जाएगा।

## बोड़ा बाइपास पर ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति को लेकर केंद्रीय परिवहन मंत्री से मिले विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन, राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने मुलाकात कर नेशनल हाईवे 46 पर ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने ब्रिज के अभाव में होने वाली समस्याओं और दुर्घटनाओं से भी उन्हें अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने जल्द ब्रिज स्वीकृत किए जाने का आश्वासन दिया है।

गौरतलब है कि बोड़ा जोड़ से ब्यावरा रोड पुलिस चौकी तक बाइपास पर मॉडल स्कूल, आईटीआई, कृषि उपज मंडी एवं सब्जी मंडी संचालित है यहां पर वाहनों का आवागमन काफी तेज गति से होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं विगत वर्षों में कहीं दुर्घटनाएं घट भी चुकी हैं, इसलिए यहां नागरिक ब्रिज निर्माण की मांग कर रहे है। इसके अलावा विधायक ने वर्षो से स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय की स्थापना ओर बीएसएनएल फाइबर लाइन बिछाई जाने को लेकर भी संबंधित मंत्रियों से मुलाकात की।



**इनका कहना...**

दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बोड़ा बाइपास पर ओवर ब्रिज निर्माण एवं क्षेत्र के विकास के लिए अन्य मंत्रियों को भी मांगपत्र सौंपे हैं।
- **मोहन शर्मा,** विधायक नरसिंहगढ़

मांगलिक परिसर में किया गया आयोजन

## सेवानिवृत दिनेश कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार शिक्षक हैं : टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला राजगढ़ द्वारा गुरु छाया एवं दिनेश चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश के संघ जिला राजगढ़ सेवानिवृत्ति समारोह राठी मांगलिक परिसर सारंगपुर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर थे। विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजगढ़ विभाग के विभाग संघ चालक उदय सिंह चैहान मध्य भारत प्रांत के सामाजिक समरसता सह प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर सारंगपुर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल पचोर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़यि सहित अन्य अतिथियों ने सर्वप्रथम मां शारदा की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात सभी अतिथियों का मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नरसिंह शर्मा जिला सचिव विजय भदवाले जिला कोषाध्यक्ष जगदीश कुंभकार नगर अध्यक्ष हरीश शर्मा मोहन जाटव राजेंद्र मेवाड़े राजेश यादव शिवकुमार आदि के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात सांसद रोडमल नागर ने गुरु छाया एवं विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ एक ऐसा संगठन है जो बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्य जैसे पर्यावरण गुरु वंदन गुरु छाया कार्यक्रम एवं कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन करता है दिनेश चैहान की शिक्षा विभाग सेवानिवृत्ति जरूर हुई है लेकिन एक शिक्षक की सेवानिवृत्ति कभी नहीं होती वह हमेशा जहां उसका उपयोग होता है। वह हमेशा सकारात्मक रूप से खड़ा रहता है।



## मंदिर की दानपेटी खोली, निकला 1 लाख 18 हजार रुपए का चढ़ावा

मोरपीपल हनुमान मंदिर पर भूमिपूजन भी संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय मोरपीपल हनुमान मंदिर क्षेत्र को ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं वहां की समिति द्वारा धीरे-धीरे विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब यहां भव्य राम-मंदिर भी बनाया जाना है। मंदिर निर्माण हेतु बुधवार को मंदिर समिति एवं सकल पंचों की उपस्थिति में विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न करवाया गया।

इस अवसर पर मंदिर की दानपेटी भी सभी की उपस्थिति में खोलकर दानराषि की गणना करवाई गई। दानपेटी से 1 लाख 17 हजार 815 रुपए का चढ़ावा निकला है जो की भक्तों द्वारा अर्पित किया गया है। यह राषि मंदिर के विकास कार्यों पर ही खर्च की जाएगी। इस अवसर पर पटेल जगन्नाथ सिंह, सरपंच बालूसिंह, पंडित कृष्णकांत शर्मा, पंचायत सचिव महेश शर्मा, शिक्षक रमेश, भारत सिंह, कृष्णपाल सिंह, गजेंद्र सिंह खिंची इंदरसिंह, बनेसिंह सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान श्रीमती धापूदेवी तिवारी (कृष्णकांत शर्मा) द्वारा मंदिर निर्माण में सहयोग हेतु 5110 रुपए एवं रामबाबू शर्मा अध्यापक द्वारा 5 हजार रुपए की राषि प्रदान की गई।

कलेक्टर ने खसरे की त्रुटि तुरंत दुरूस्त कराई, खुश होकर आवेदक पपुआ बोला-

## साहब आपने तो हमाओ काम मिनटों में कर दओ नईं तो... हमें कई दिनों तक चक्कर लगाने पड़ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जनसुनवाई में आए एक आवेदन का निराकरण तुरंत कराया। बासौदा तहसील के ग्राम कबूलपुर के किसान पपुआ पिता मंगल अहिरवार ने आवेदन दिया की उनकी भूमि खसरे में त्रुटिपूर्ण रिकॉर्ड प्रदर्शित हो रहा है।

कलेक्टर ने न्यायालयीन आदेश अनुसार मौके पर ही हल्का पटवारी, तहसीलदार से त्रुटि को सुधार कराया। उन्होंने अधीक्षक भू-अभिलेख को भूमि खसरे में त्रुटि सुधार परिवर्तन की कार्यवाही कर एक प्रति आवेदक को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार एवं एसडीएम से समन्वय स्थापित कर ऑनलाइन रिकॉर्ड में तत्काल निराकरण किया। आवेदक पपुआ अहिरवार ने अपनी समस्या मिनटों में हल होने पर कलेक्टर का अभार माना।

**105 आवेदन आए**

मंगलवार जनसुनवाई में 105 आवेदन आए। कलेक्टर द्वारा मौके पर 65 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने ताकिद किया गया है।

## पिंड़ भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई गुहार कहा- झूठे प्रकरण में फंसाने किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बासौदा निवासी भूपेंद्र सिंह राजपूत मंगलवार को पिंड भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंचा और एसपी से न्याय की गुहार लगाई।

पीड़ित ने बताया कि सोमवार की रात में संदीप ठाकुर ने मेरे साथ मारपीट की। नेताओं के दबाव में पुलिस छोटी-मोटी धाराएं लगाकर मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि नपा उपाध्यक्ष मुझे प्रताड़ित करता है और मेरे खिलाफ झूठे मुकदमे लगवाने की धमकी देता है। फरियादी भूपेंद्र के बताया कि सोमवार को उसके ऊपर प्राणघातक हमला किया गया। पीड़ित ने बताया कि नपा उपाध्यक्ष के कारण वह दुकान भी नहीं चला पा रहा है। हमेशा मुझे जान का खतरा बना रहता है।

ज्ञापन में फरियादी ने सुरक्षा दिए जाने की मांग करते हुए परिवार में कोई भी घटना घटती होने पर संदीप ठाकुर, राहुल दांगी, विशाल दांगी और बब्लू भावसार को जिम्मेदार बताया है।



**विदिशा।** पिंड़ भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंचा फरियादी भूपेंद्र राजपूत।

खुजनेर में एक दिवसीय मेला आयोजित हुआ

## देवशयनी एकादशी पर मालवा के खाटूश्याम पर उमड़े

**निशान चढ़ाकर मांगी सुख-समृद्धि की कामना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

शहर में देवशयनी एकादशी के अवसर पर मालवा के खाटूश्याम धाम खुजनेर में बाबा के दर्शन करने बड़ी संख्या में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब दर्शन कर निशान चढ़ा कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना की।

प्रसिद्ध मालवा के खाटूश्यामजी खुजनेर में देवशयनी एकादशी पर एक दिवसीय मेला आयोजित हुआ। इस मेले में इस बार करीब हजारों से ज्यादा श्रद्धालु बाबा को निशान चढ़ाने पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से बाबा श्याम के दर्शनों के लिए खुजनेर नगरी पहुंचे यहां उन्होंने दरबार में माथा टेका और सुख-समृद्धि की कामना की। खाटूश्यामजी को रंग-बिरंगे फूलों से बाबा का विशेष भव्य श्रृंगार किया गया है। बड़ी उमस गर्मी के बीच खाटू मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ सुबह से ही दर्शनों के लिए लाइन में श्रद्धालुओं कि भीड़ देखने को मिली। भक्तों की भीड़ के चलते शहर में ट्रैफिक जाम कि स्थिति देखने को मिली तो दिन भर पुलिस प्रशासन जाम को निकालते रहे एकादशी होने के कारण समस्त वाहन शहर के अंदर से आना जाना लगा रहा। जिससे कि जाम कि स्थिति बनी रही। नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा मोहरर्म भी निकाला जाना था एकादशी के चलते मोहरर्म आज निकाला जाएगा।




ताजियों के सामने लोभान अगरबत्ती लगाकर शरबत वितरित किया

## मुस्लिम समुदाय ने तासे और नगाड़ों के साथ डीजे की धुन पर निकाले ताजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर में बुधवार को हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा ताजिए निकाले नगर में अलग अलग मार्गो से होते मुस्लिम समुदाय के लोग ताजिए को ढोल नगाड़ों के साथ डीजे की मातामी धुनों पर नारे लगाते हुए बाजार चोक पहुंचे जहां मुस्लिम समुदाय द्वारा इमाम हुसैन की शहादत में बनने वाले ताजिए निकालकर अपना मोहर्रम का त्योहार मनाया गया। जहा मुस्लिम समुदाय द्वारा अखाड़ा भी खेला गया। ताजियों को अपने अपने स्थान पर बिठाया जाता है और मुस्लिम समुदाय द्वारा तासे बजाकर रात भर या अली या हुसैन के नारे लगाते हुए हुसैन को याद किया साथ ही मुस्लिम समुदाय द्वारा ताजियों के सामने लोभान अगरबत्ती लगाकर लोगों को शरबत वितरित किया गया। बतादे की नगर में अलग अलग जगह पर पाच ताजिए इमाम हुसैन की सहादत के रूप में बनाए जाते हैं, जिन्हें ताशे नगाड़ो की धुन पर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए बाजार चौक में में लाया जाता है जहां अलग अलग स्थानों पर यह ताजिये बैठाए जाते हैं।



### सभी छात्र छात्राओं को मिले एडमिशन

**आरोन।** अजाक्स तहसील अध्यक्ष ब्रहमदास सूर्यवंशी ने बताया कि सभी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी साथियों से मेरा अनुरोध है अभी स्कूलों में छात्रावास में छात्र-छात्राओं के एडमिशन चल रहे हैं। देखने में आया है की कुछ स्कूलों में और छात्रावास में प्राचार्य एवं स्टाफ अधीक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं को कागजों के अभाव में एवं अपनी मर्जी के तहत एडमिशन देने से इनकार कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हमारे वर्ग के छात्र-छात्राओं को बहुत परेशानी आ रही है और कुछ छात्र-छात्राएं एडमिशन लेने से भी वंचित हो जाते हैं ऐसी स्थिति में हम सभी लोगों को ऐसे छात्र-छात्राओं को चिन्हित करके उनको स्कूलों में एवं छात्रावास में एडमिशन कराने का कार्य सभी पदाधिकारी साथियों से अनुरोध करता हूं कि अपने-अपने स्तर पर एससी एसटी ओबीसी के छात्र-छात्राओं को एडमिशन दिलाने में उनकी सहायता करने का कष्ट करें यह बहुत ही जटिल समस्याएं हैं बच्चे बहुत ही परेशान हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### स्कूल और आंगनबाड़ी में लगाए पौधे

**सीहोर।** पर्यावरण को सुंदर और हरा भरा बनाने के उद्देश्य से पूरे देश में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत जगह-जगह पौधरोपण का अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुरूवार को मध्य प्रदेश के सोसाइटी समूह की महिलाओं ने ग्राम पंचायत सोठी के स्कूल परिसर में मध्यान्ह भोजन और स्कूल परिसर में फलदार और छायादार पौधे एक पेड मां के नाम अभियान के तहत लगाए इस दौरान समूह की महिलाओं के साथ पूर्व मंत्री सकलेजा भी पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। शसकलेजा ने इस अवसर पर कहा की जिस तरह हमारे परिवार का सदस्य हमारे लिए महत्वपूर्ण है उसी तरह हमारे जीवन में भी पेड का बहुत महत्व है। पेड पौधे हमारे पर्यावरण को सुंदर तो बनाते ही है, इसी के साथ ही हमे छाव, फल और ऑक्सीजन भी देते है। इसी लिए हम सभी को पेड लगाना चाहिए। भोजन बनाने वाले समूह की महिलाओं ने पूर्व मंत्री के साथ जिला अध्यक्ष रानी गोस्वामी के नेतृत्व में पौधरोपण कर संकल्प लिया की इन पौधों की देखभाल भी हम हमारे परिवार के सदस्यों की तरह ही करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रानी गोस्वामी, स्कूल प्रभारी मनोज श्रीवास्तव, बाबूलाल जरिया, विष्णु सर, रसोईया गायत्री, सुनीता और मथुरा गिरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

### फुटबॉल टीम के चयन के लिए लगा शिविर

**सीहोर।** शहर के भोपाल नाका स्थित मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में तीन दिवसीय फुटबॉल चयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके दूसरे दिन 80 खिलाड़ियों को अभ्यास कराया गया, वहीं बुधवार को चालीस खिलाड़ियों का चयन कर सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर मध्यप्रदेश की जूनियर फुटबॉल टीम का गठन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि मध्यप्रदेश टीम का गठन किया जाना है।

---

मुस्लिम समाज ने इमाम हुसैन की याद में मनाया मोहर्रम का पर्व

# मोहर्रम पर निकाले गए आकर्षक ताजिए, अखाड़ों ने भी दिखाए करतब, जगह-जगह किया गया जुलूस का स्वागत





हिंदू उत्सव समती ने किया भव्य स्वागत। जुलूस में जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुस्लिम समाज का मोहर्रम का 10 दिन तक चलने वाले मातम के त्यौहार का आज समापन जुलूस भव्य रूप से जुम्मापुरा, काजीपुरा कमेटियों द्वारा निकाला गया। मोहर्रम का जुलूस अली चौक पुराना बसस्टैंड से प्रारंभ हुआ जो पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार होता हुआ गंज चौराहा पर पहुंचा जहां नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर मोहर्रम कमेटियों के सदरों व अन्य प्रतिनिधियों का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित पार्षदगणों ने साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। जुलूस में दुलदुल बाबा, बुर्राक व आकर्षक ताजिए थे, वहीं बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाजन डीजे व नगाड़ा बजाते चल रहे थे। नगरपालिका द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा जुम्मापुरा कमेटी के पार्षद जाहिद गुड्डू, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, कमरूद्दीन खां, अतीक खां, नवाब बैरी, नफीस शाह, चांद खां, आमीर खां, सनव्वर खां, प्यारे खां, बबलू खां, फिरोज खां, अय्यूब खां, अरबाज खां, आजम खां, चांद खां, पप्पू खां आदि का साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि मुहर्रम के पर्व पर अधिक से अधिक इबादत और नेक कार्य करने पर जोर दिया जाता है। पर्व के दौरान ताजिए बनाकर निकाले जाने, अखाड़े और अलम निकालने की भी परंपरा है। देश ही नहीं दुनियाभर में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा मुहर्रम पर्व मनाया जाता है। ईमाम हुसैन की याद में दुनियाभर में बसने वाले मुस्लिमजन मुहर्रम पर्व को मनाते आ रहे हैं। हमारा आष्टा नगर आपसी भाईचारे का प्रतीक है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि हमारा भारत देश सर्वधर्म सम्भाव की भावना रखने वाला देश है, हिन्दू-मुस्लिम, सीख-इसाई सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारे व साम्प्रदायिक सौहार्द्र के साथ अपने-अपने त्योहारों को उत्साह के साथ मनाते है। हमारे आस्थावान नगर आष्टा की गंगा-जुमना तहजीब रही है, जहां हिन्दुओं के त्यौहार के समय निकलने वाले जुलूस का मुस्लिम धर्मावलंबीजन स्वागत सम्मान करते है, वहीं मुस्लिम धर्मावलंबियों के त्यौहार के दौरान निकलने वाले जुलूस का हिन्दू भाई आपसी भाईचारे की मिसाल देते हुए स्वागत सम्मान करते है। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, अरशद अली, सुभाष नामदेव, जाहिद गुड्डू, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, यश छाजेड़, विजय मेवाड़ा, महेन्द्रसिंह गवखेड़ी, गबू सोनी, आशीष बैरागी, आकाश चौहान, राहुल विश्वकर्मा, कुलदीप सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### अलीपुर में भी निकला जुलूस

बुधवार को पूरे देश भर में मोहर्रम पर जुलूस निकाले शहर में भी अलीपुर क्षेत्र में मोहर्रम की दस तारीख का जुलूस निकाला, अलीपुर में विसर्जन जुलुस था। अलीपुर मोहर्रम कमेटी द्वारा निकाले गए हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाले गए। जुलूस का अलीपुर चौराहे पर मोहर्रम कमेटी के सदस्यों का साफा बांध का स्वागत किया। मोहर्रम पर का जुलूस पुराना बस स्टैंड से शुरू हुआ जिसमें ताजिए शामिल हुए, पुराना बस स्टैंड, कसाईपुरा चौराहा आदि क्षेत्रों से निकला जुम्मापुरा के ताजिए वापस अली चौक पुराना बस स्टैंड पहुंचे काजीपुरा के ताजिए सिकंदर बाजार पहुंचे। गुरुवार को मोहर्रम का जुलूस अली चौक पुराना बस स्टैंड से शुरू होगा। बता दे कि देशभर में मोहर्रम पर गुरुवार को निकाला गया। यहां परंपरा वर्षो से चली आ रही है।

### हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल

शहर में मोहर्रम पर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल भी देखने को मिलती है शहर के कुमर मोहल्ला में हिंदू परिवार ताजिए बनता है यहां परंपरा वर्षो से चली आ रही है।

### मोहर्रम कमेटी का स्वागत किया

अलीपुर मोहर्रम कमेटी द्वारा निकाले गए हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाले गए ताजिये के जुलूस का अलीपुर हिंदू उत्सव समती द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जुलूस के सदर भाई सलमान खान,सरपरस्त जनाब प्यारे पटेल,तोसिफ उद्दीन,फैज उद्दीन,सहित कमेटी का स्वागत हिंदू उत्सव समिति द्वारा साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर सामाजिक नेता घनश्याम जांगड़ा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष आशु शर्मा, मनोहर पंड्या, रमेश परमार ,राजकुमार मालवीय,शिवम सोनी, राजा मालवीय, चंदन सेन, रेवाराम विश्वकर्मा, अंकित पांचाल, बाबू पांचाल, विवेक विश्वकर्मा, अनमोल गहलोत, संजय मेवाडा, ललित बैरागी, शुभम पांचाल, शुभम टेलर, गोविंद ब्रह्मबट्ट, आदित्य जोशी, अखिलेश पंड्या, चिंटू मालवीय, राहुल चित्तौड़ा, राजू शर्मा, शानू पडिया आदि उपस्थित रहे।

---

## मंदिर और स्कूल परिसर में लगाए गए पौधे




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम पंचायत बरखेड़ी दोराहा में सात तलाई श्री हनुमान मंदिर परिसर एवं शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में भारत सरकार के पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण का कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष दोराहा सुरेश विश्वकर्मा व रमेश लोधी जनपद सदस्य बरखेड़ी ने उपस्थित होकर परिसर में पौधा लगाया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच पार्वती बाई, बालमुकंद सचिव रामस्वरूप प्रजापति, सहायक सचिव दीपक लोधी, मंदिर पुजारी आर्मी रिटायर करनल हेमंत, मंडल प्रभारी राकेश पटेल, सरपंच कमल सिंह लोधी, भजनलाल लोधी, लीला कृष्ण, गोविंद सिंह पटेल, विश्राम सिंह, हरीचरण, ऊधम सिंह, गजराज सिंह, गणेशराम राम, कले सिंह, बृजमोहन जगदीश लोधी, रामबाबू, विश्राम सिंह अहिरवार, पूरन सिंह, निर्भय सिंह कुशवाह, जितेन्द्र कुशवाह, ग्राम तिनछाई रघुनाथ सिंह, हरि सिंह, दीपक अहिरवार आदि ने शामिल होकर पौधरोपण किया। पंचायत के पंच रामबाबू अहिरवार ने बताया हमे पेड़ लगाना बहुत जरूरी हो गया है।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

संयुक्त किसान मोर्चा मध्यप्रदेश ने सांसदों को एतिहासिक किसान आंदोलन को खत्म कराने के लिए मोदी सरकार ने जो वायदा किया था। उससे मुकरने के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा फिर से किसानों की समस्याओं को लेकर मैदान में सांसद और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले पर उनके ओएसडी राजेंद्र जैन को ज्ञापन सौंपा। अलोक शर्मा सांसद, दर्शन पाल सांसद, और पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को, अशोक सिंह यादव राज्यसभा सांसद को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन किसान जागृति संगठन के प्रमुख इरफान जाफरी, अखिल भारतीय किसान सभा मध्यप्रदेश के प्रांतीय महासचिव प्रहलाद दास बैरागी ने संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक मंडल सदस्य बैठक में एनडीए-2 सरकार को एसकेएम और केन्द्र सरकार के बीच 9 दिसंबर 2021 को हुए समझौते के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।

जिसमें हमारी लंबे समय से लंबित माँग जैसे कि लाभकारी और गारंटी एमएसपी के साथ खरीद, व्यापक ऋण माफी, विजली के निजीकरण को निरस्त करना आदि शामिल हैं। 736 शहीदों के सर्वोच्च बलिदान और 384 दिनों 26 नवंबर 2020 से 11 दिसंबर 2021 तक दिल्ली की सीमाओं पर लगातार और उग्र संघर्ष में भाग लेने वाले लाखों किसानों की पीड़ा की पृष्ठभूमि में, इस समझौते पर भारत सरकार के कृषि विभाग के सचिव ने हस्ताक्षर किए। वर्तमान में भारत के मेहनतकश नागरिक व्यापक ऋणग्रस्तता, वेरोजगारी और महंगाई जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। भारत में प्रतिदिन 31 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। तीव्र कृषि संकट, किसानों की आत्महत्या, ग्रामीण से शहरी संकट पलायन और बढ़ती आय और धन असमानता को हल करने के लिए नीतियों में बदलाव आवश्यक है। इसलिए, एसकेएम ने कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों में बदलाव, 9 दिसंबर 2021 के समझौते को लागू करने, और अन्य प्रमुख माँग, जिन्हें माँग पत्र के रूप में संलग्न किया गया है, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप हम किसानों और खेत मजदूरों के बाद के साथ खड़े हों और प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल पर लंबित ज्वलंत माँगों पर तत्काल और सार्थक कार्रवाई करने का दवाव डालें।

## स्कूल में मैथ, वॉल हेंगिंग आर्ट और क्राफ्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा सेकंडरी विंग मे मैथ वाल हेंगींग आर्ट एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं से लेकर आठवी तक के छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। सभी कक्षाओ से प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागी छात्र, छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिनमें कक्षा छठवीं की महिमा प्रथम, नव्या द्वितीय व शिवम तृतीय रहे। कक्षा सातवीं से सिमरन प्रथम, आरूष द्वितीय, निष्टा तृतीय रहे। कक्षा आठवीं से यजन प्रथम, अनिकेत द्वितीय, ईषिका तृतीय रहे। सेकंडरी विंग एकेडमिक इंचार्ज शिक्षक निर्मला सारसिया व करिश्मा चौपड़ा एवं कल्चर इंचार्ज रचना ठाकुर व करिष्मा चौपड़ा की उपस्थिति में प्रतियोगिता सम्पन्न करवाई गई।

सभी विजेता छात्र, छात्राओं को बधाई देने वालो में संस्था के मार्गदर्षक षंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, जितेन्द्र पोरवाल, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, ईषा जैन, इतिका चौहान प्रियंका सारसिया, अनुभा रामानी, अवनि जैन, पूजा ठाकुर आदि ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज की नव चेतना सेवा समिति ने किया कार्यक्रम

# मालवीय बलाई समाज धर्मशाला में समाजजनों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नव चेतना सेवा समिति के तत्वाधान में पौधरोपण अभियान कार्यक्रम अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज धर्मशाला प्रांगण में संपन्न किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, आष्टा जनपद अध्यक्ष सोनू गुणवान, अखिल भारतीय बलाई समाज धर्मशाला के अध्यक्ष बापूलाल मालवीय तथा रमेश मालवीय, नव चेतना सेवा समिति के अध्यक्ष देव सिंह मालवीय, समाज के वरिष्ठ उपस्थिति रहे। सीहोर से माता मंदिर समिति अध्यक्ष भवानी सिंह मालवीय, भूतपूर्व अध्यक्ष रामकिशन मालवीय, उपाध्यक्ष प्रेमनारायण परमार, रामचरण बाबूजी, जीआर मालवीय के साथ समाज के सभी वरिष्ठ उपस्थित रहे। अध्यक्ष देव सिंह मालवीय ने अपने उद्बोधन में नव चेतना सेवा समिति के उद्देश्य को प्रबुद्ध जनों व समाज के समक्ष प्रस्तुत किया। नव चेतना सेवा समिति के अध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया कि समाज में कोई भी विद्यार्थी पैसे के अभाव में पढ़ाई न छोड़े नव चेतना सेवा समिति उनकी हर संभव मदद करेगी। पौधरोपण कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने शासन की योजनाओं को कैसे समाज तक पहुंचाया जाए, इस विषय पर समाज के जागरूकों का ध्यान केंद्रित करवाया। सभी तक शासन की योजनाएं पहुंचे ताकि उनकी आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक समस्याएं हल हो सके। भूतपूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय ने भी समाज की एकजुटता पर विचार रखे। सभी समाज बंधुओ और जनप्रतिनिधियों ने समिति के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अनारसिंह मालवीय ने किया। आभार व्यक्त रमेश कुमार मालवीय टीपा खेड़ी ने किया। जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान साहब ने भी, पर्यावरण संरक्षण और मानव जाति को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर बल दिया। आष्टा जनपद अध्यक्ष सोनू गुणवान ने भी हर संभव समाज की मदद करने ओर समाज को एक मंच पर लाने के भाव व्यक्त किये। तथा नव चेतना सेवा समिति के विजन जो कि समाज की शिक्षा एवं एकता पर आधारित है। की भूरि भूरि प्रशंसा की। नव चेतना सेवा समिति का मुख्य उद्देश्य, सामाजिक एकता, शिक्षा और आर्थिक संपन्नता का जो उद्देश्य है। वह ऐसा लग रहा है। जल्दी ही पूरा होगा। हम सही दिशा में चल रहे हैं और हमें मंजिल भी मिलेगी। हमारा परिचय एक सभ्य समाज के रूप में, मानवतावादी, राष्ट्रवादी, त्याग और समर्पण, उत्कृष्टता के अंतिम सोपान तक पहुंचने के रूप में पहचाना जाए।




## खुशनुमा हुआ मौसम चारों ओर छाई हरियाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

देवबडला पर्वत श्रृंखलाओं सहित कजलास स्थित पहाड़ियों व जंगलों की वादियों में वर्षा के दिनों में मौसम खुशनुमा हो जाता है। प्रकृति प्रेमी यहां बेहतरीन नजारे देखने पहुंच रहे हैं। देवबड़ला में वर्षा होने के बाद अब पहाड़ों पर हरियाली ने नजारा बदल कर रख दिया है। वर्षा के बाद अंचल की वादियों में हरियाली छा गई है। वहीं इंदौर भोपाल हाईवे स्थित डोडी घाटी से पगारिया घाटी तक हरियाली लोगों का मनमोह कर रही है। चार माह बाद छाई हरियाली अब लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। जिसे देख युवा इन पहाड़ियों पर पहुंच रहे हैं।